मालवी जाजम पर बिखरे मालवा के कई रंग

देवास। मालवा अँचल की विविधवर्णी परम्पराओं, भौगोलिक पहचान, तासीर, मौसम, संस्कृति, खान-पान, और सामाजिक व्यवहार के रूप में पीढ़ियों से एक जैसे रहे हैं। ये सब पीढ़ियों के जीवनानुभव से उपजे लोक का संचित ज्ञान था, जिसे हम तेज़ी से खत्म करते जा रहे हैं। देवास में मंगलवार को आयोजित मालवी जाजम में ये बातें मालवा के अध्येता वक्ताओं ने कही। विभिन्न सत्रों में सुबह से शाम तक रोचक बातचीत हुई। इससे पूर्व जीएसआईटीएस इंदौर के निदेशक नितेश पुरोहित, मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के विवस्मान हेबालकर, प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी उज्जैन ने शुभारंभ किया। वरिष्ठ सामाजिक विज्ञानी डॉ सुनील चतुर्वेदी ने इस दो दिनी

महती आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। संचालन मनीष शर्मा ने करते हुए इसकी पूर्व पीठिका प्रस्तुत की। रजनीश पोरवाल ने स्वागत भाषण दिया। मालवा का लोक जीवन के पहले सत्र में संस्कृति, लोक साहित्य, लोक पर्व, पहनावा, खान-पान, आबो-हवा, भूगोल, हवा, पानी में आए बदलावों को रेखांकित करते हुए समूह चर्चा में 50 प्रतिभगियों ने अपनी बात रखी।

25 से ज्यादा मालवी व्यंजन बनाना सीखाए

मालवी जन के ठेठ देसी स्वाद को याद करते हुए 25 से ज़्यादा ऐसे व्यंजनों को बनाना सीखाया गया जो अब लगभग प्रचलन से बाहर हो चुके हैं। मालवी मिठास के भावेश कानूनगो ने रसावल के ज़रिए घुघरी, लाप्सी, सीरो, सुनसुनी, नुक्ती, राखोडिया लड्डू आदि व्यंजनों पर बात की तो सभागार में उपस्थित श्रोताओं की जीभ पर बरसों पुराना स्वाद लौट आया। चयन कानूनगो ने सत्र को रोचक ढंग से फेसिटिलेट किया। गीता बाई पराग और उनकी मण्डली ने पीढ़ियों से गूँजने वाले परम्परागत सुमधुर मालवी लोकगीतों की प्रस्तुति दी तो समूचा सभागार तालियों से गूँज उठा। सिंगाराम पराग, तनु पराग, अंकित मालवीय, ललिता सूर्यवंशी आदि संगत कलाकार थे। दो दिनीं आयोजन में बुधवार को भी खेड़ापति होटल में कई सत्र होंगे, जिनमें मालवा के खेत-खलिहान की पीढ़ियों पुरानी शैली तेज़ी में आए बदलावों को पहचान कर नए तौर तरीकों के नुकसान पर भी बात होगी। इसके साथ मालवा की चिकित्सा, सेहत और मालवा की जैव संपदा पर भी महत्वपूर्ण सत्र होंगे। आयोजन में बड़ी संख्या में उज्जैन, आगर, रतलाम, देवास आदि जिलों के गणमान्यजन तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

छाया चित्र और कला प्रदर्शनी में झलका मालवा का सौंदर्य

आयोजन स्थल पर प्रदर्शित मालवा के वरिष्ठ छाया चित्रकार कैलाश सोनी, बंशीलाल परमार, सुधीर महाजन और प्रत्युष वैद्य के छायाचित्रों में मालवा का जन-जीवन धड़कता हुआ सा लगा। इसमें देखकर लगा कि हमने इधर के 30-40 सालों में नए चलन में आकर मालवा से क्या-क्या खो दिया है। कला प्रदर्शनी में वंदना शर्मा, कुसुम वागड़े, छाया कानूनगो, शांतनु बेहरे, शर्मिला ठाकुर तथा मीनाक्षी दुबे की परंपरागत कृतियों ने मालवा की गौरवशाली विभिन्न पर्वों, अवसरों पर बनने वाले मांडणा, चित्रावण और संजा को रेखांकित किया।

बीएसएफ के ब्लैक कमांडो राजपाल सिंह का निधन

देवास। सीमा सुरक्षा बल में ब्लैक कमांडो के पद पर दिल्ली में पदस्थ जवान राजपाल सिंह राजपूत का 15 मार्च को एक हादसे में निधन हो गया, जिनकी अंतिम यात्रा आज सुबह देवास से शुरू होकर उज्जैन स्थित उनके पैतृक गांव खजुरिया पहुंची है, जहां उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। राजपाल सिंह वर्तमान में दिल्ली स्थित प्रशिक्षण केंद्र में पदस्थ थे और 15 मार्च को एक आकस्मिक दुर्घटना में उनका निधन हो गया था। जवान का पार्थिव शरीर महू से देवास लाया गया, जिसके बाद 17 मार्च सुबह 8.30 बजे देवास के रसूलपुर चौराहे से उनकी अंतिम यात्रा शुरू हुई। रसूलपुर चौराहे से शुरू हुई यह अंतिम यात्रा देवास कृषि उपज मंडी गेट पहुंची, जहां वीर जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जवान की अंतिम यात्रा में देवास से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।श्रद्धांजलि के बाद यह यात्रा उज्जैन जिले की तराना तहसील स्थित उनके पैतृक गांव खजुरिया के लिए रवाना हुई।

सर्व समाज की महिलाओं ने हर्षोल्लास से मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

देवास। 15 मार्च रविवार को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सर्व-समाज के साथ मिलकर मध्य प्रदेश महिला अध्यक्ष (ए.बीच.के.एम.) अनुपमा श्रीवास्तव के नेतृत्व में गंगा पैराडाइज मैरेज गार्डन में सर्व समाज की महिलाओं ने मिलकर हर्षोल्लास से महिला दिवस मनाया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलित एवं धरा कानूनगो द्वारा सरस्वती वंदना के आकर्षक नृत्य के साथ किया गया। भीषण संघर्षों एवं अपने अटूट आत्मविश्वास से जिन अकेली महिलाओं ने समाज में अपना एक विशिष्ट मुकाम बनाया, अपने बच्चों को योग्य बनाया उन्हें शॉल, माला और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया साथ ही विभिन्न गुणों से परिपूर्ण महिला को भी सम्मानित किया गया। विभिन्न प्रकार के गेम्स, लकी ड्रा, पुरस्कार वितरण, प्रत्येक महिला को निश्चित उपहार दिया गया। अपनी रोजमर्रा की जिंदगी को कुछ घंटों के लिए

दरकिनार कर अपने स्वयं का जश्न मनाने को डी.जे. की धुन पर महिलाओं ने नृत्य कर, गाना सुनाकर, अपनी झिझक को छोड़ मंच पर अपने अनुभव को साझा कर एक दूसरे के साथ खुशियाँ बांटी। अंत में सभी ने भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम का आयोजन अनुपमा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। संचालन सुधा पाटीदार ने किया, स्वागत श्रीमती सीता श्रीवास्तव एवं रंजना दुबे ने किया एवं आभार अनुपमा वर्मा ने माना।

नर्मदापुरम पहुंचकर रेवा सेवा समागम में भाग लिया

देवास। मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम संभाग मुख्यालय पहुंच करके एक दिवस जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित रेवा सेवा समागम 2026 में पहुंच करके एक दिवस कार्यशाला एवं सह जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान कार्यक्रम में मार्गदर्शन हेतु राज्य मंत्री जनजाति कार्य विभाग भारत सरकार दुर्गादास उईके, माया नारोलिया राज्यसभा सांसद उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद राज्य मंत्री मोहन नागर सुहागपुर विधायक विजयपाल सिंह राजेश दवे अध्यक्ष नर्मदा समग्र एवं पूज्य संत नर्सिंग विजैन्द सरस्वती दंडी स्वामी महाराज महंत स्वामी श्री अनंतवन जी महाराज का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

इस दौरान राज्य मंत्री भारत सरकार दुर्गादास दास उईके को कार्यक्रम स्थल पर युग दृष्टा राष्ट्र संत स्वामी विवेकानंद जी की अमर वाणी के पत्रक मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन मध्य प्रदेश अध्यक्ष व नवांकुर संस्था के पवन हिंदू एवं विधानसभा खातेगांव इकाई अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के अध्यक्ष लोकेश पवार खेरी द्वारा भेंट किया।

इस अवसर पर संभाग समन्वयक वरुण आचार्य ब्लॉक समन्वयक नीरज द्विवेदी प्रफुल्ल पाठक हरिओम परमार हीरालाल गहलोत विनोद योगी अतुल गुप्ता अशोक यादव रामेत पवार हरिओम जारेडा विजय यादव बबलू यादव राजेश केवट दीपक राव रामविलास गुर्जर सहित प्रदेश भर से आए लोग उपस्थित थे।

एक नजर में

कुर्मी क्षत्रिय समाज का वार्षिकोत्सव एवं परिचय सम्मेलन संपन्न

देवास। 15 मार्च को कुर्मी क्षत्रिय समाज देवास का वार्षिकोत्सव एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन किंग जार्ज हायर सेकंडरी स्कूल में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल थीं। विशेष अतिथि अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गिरधारी कुमायु एवं महिला प्रदेश अध्यक्ष हेमकुमारी थी। इसके अतिरिक्त प्रदेश कार्यकारिणी से प्रहलाद पटेल, विमल गौर, इंदौर से नमिता सचान, बीना से सतीष पटेल, उज्जैन से राजकुमार कटियार आदि सहित देवास से बड़ी संख्या में समाजजनों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को गौरवांवित किया। सर्वप्रथम समाज अध्यक्ष लालजी पटेल ने स्वागत भाषण में कहा कि विगत कई वर्षो से निरंतर कार्यक्रम कर रहे हैं। इसका उद्देश्य समाज को संगठित करना एवं आपसी भाईचारा हो, समाज जितना संगठित होगा उतना ही मजबूत होगा। मुख्य अतिथि गीता दुर्गेश अग्रवाल ने समाज को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से समाज में जागरूकता आती है । भोपाल से पधारी महिला प्रदेश अध्यक्ष हेमकुमारी ने कहा कि समाज के प्रति समर्पण एवं परिवार की मर्यादाओं के साथ महिलाओं को आगे आना चाहिये एवं दहेज प्रथा को समाप्त करना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष गिरधारी कुमायु ने कहा कि देवास में प्रतिवर्ष वार्षिकोत्सव एवं युवक युवती परिचय कार्यक्रम होता है जसके लिए मैं देवास टीम को बधाई देता हूं। शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि समाज जितना शिक्षित होगा उतना ही आर्थिक रूप से मजबूत होगा, शिक्षा समाज की रीढ़ है एवं आर्थिक रूप से कमजोर होनहार बच्चों को हर संभव मदद करने की बात कही। विमल गौर, प्रहलाद पटेल, राजकुमार कटियार ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में युवक युवती परिचय के अलावा समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया एवं मेधावी बच्चों को भी सम्मानित किया गया। संचालन श्रीमती कृष्णासिंह ने किया एवं आभार कुंजबिहारी सिंह ने माना। कार्यक्रम की सफलता के लिए देवास टीम को बधाई दी। कार्यक्रम में कुंजबिहारी सिंह, लालजी पटेल, धीरेन्द्र सिंह, जागेश्वर सिंह, जय सिंह, विजय सिंह, राजबहादुर सिंह, वाय.एन. पटेल, के.पी. सिंह, भारत सिंह, उमेश सिंह, बिहारीलाल सिंह, अनिल सिंह, सुदर्शन पटेल का विशेष सहयोग रहा।

सर्वार्थ सिद्ध योग में होगी घट स्थापना

काँटाफोड़ । नगर के सुप्रसिद्ध ज्योतिष पंडित दीनदयाल शास्त्री ने बताया की विक्रम संवत 2083 चैत्र नवरात्रि गुरुवार सुबल योग ब्रह्म योग सर्वथा सिद्धि योग 72 साल बाद दुर्लभ संयोग प्रतिपदा दिनांक 19/03/2026 गुरुवार सुबह 6-53 मिनट पर एकम शुरू होगी नवरात्रि घट स्थापना प्रात: सुबह 6-55 से 8-0 3 मिनट तक वृषभ लगन 9-3 4 मिनट से 11-32 तक अभिजीत मूहर्त 11-55 से 12-40 तक रहेगा संवत सर रौद्र रहेगा।

चैत्र नवरात्र की घट स्थापना में असमंजस

सतवास। अमावस्या के बाद से प्रारंभ होने वाली चैत्र नवरात्र के बारे में बाई जगवाड़ा के ज्योति विंद पंडित भीष्म प्रसाद शास्त्री बताया कि नवरात्र पर्व शास्त्र अनुसार देवी भागवत में बताया है कि अमावस्या में यदि प्रतिपदा आती है तो पूजन न करें इसलिए शास्त्र अनुसार दिनांक 19/3/2026 गुरुवार को प्रात एक घड़ी तीन पल उपरांत गुड़ीपडवा पर्व मनाया जावे। चैत्र नवरात्र घटस्थापना 20 /3/2026 को प्रात: वृषभ लग्न में 9 बजकर 30 तीस मिनट पर किया जावे,, देवी भागवत में अमावस्या युकता प्रति पदा में घट स्थापना निषेध है।

म प्र वन कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष का स्वागत

देवास। म प्र वन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज पाण्डे के देवास प्रवास के दौरान समस्त कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों द्वारा वन मंडल में स्वागत किया गया।पाण्डे द्वारा कर्मचारी संघ के सदस्यों से चर्च कर जिले में चल रही गतिविधियों की जानकारी ली गई, जिलाध्यक्ष सत्यनारायण निनामा द्वारा जिले में चल रही गतिविधियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर संयुक्त मोर्चे के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, पेंशनर संघ अध्यक्ष गंगासिंह सोलंकी, प्रांतीय महामंत्री हेमराज गोखले, कोषाध्यक्ष शिवप्रताप सिंह, अमन मिश्रा, नर्मदा प्रसाद शर्मा, डिप्टी रेंजर श्याम शर्मा, नरेन्द्र सिंह ठाकुर, परमानन्द चौहान, जियालाल वर्मा, मनोहर नागर, रमाकांत मिश्रा, कृष्ण इवने, जगदीश आदि उपस्थित रहे।

मध्यप्रदेश लेखक संघ देवास इकाई की सरस काव्य गोष्ठी संपन्न

देवास। 15 मार्च को मध्यप्रदेश लेखक संघ देवास इकाई की तृतीय सरस् काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शायर विक्रम सिंह गोहिल ने की, मुख्य अतिथि देवकृष्ण व्यास, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कवि ओंकारेश्वर गहलोत एवं विनोद मंडलोई द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर पूजन-अर्चन किया गया । संस्था अध्यक्ष सुरेन्द्र हमसफ़र ने उपस्थित कवियों का स्वागत करते हुए संस्था के उद्देश्यों से अवगत कराया । राज बैरागी द्वारा माँ सरस्वती की सुंदर वंदना एवं नवोदित कवियत्री छाया कानूनगो के काव्यपाठ से शुरू हुई। काव्यरस बरसात को वरिष्ठ गीतकार दादा देवकृष्ण व्यास के गीतों तक एवं अध्यक्षीय उदबोधन तक पहुँचने में ढाई घण्टे का समय लगा । इस दौरान विनोद मण्डलोई, राजेन्द्र तिवारी नीलम, दिलीप मांडलिक, विजय जोशी,नरेन्द्र नवगोत्री,राजेश चौधरी, ओम प्रकाश यादव, आरती अक्षय गोस्वामी,कनिष्का

भावसार,साधना टोककर, अमित राव पंवार,अमरप्रीत खनूजा लकी, राज बैरागी,देव निरंजन, जय प्रकाश जय, सुरेन्द्र सिंह राजपूत हमसफ़र, रघु नामदेव आदि कवि कवियत्रियों ने अपने एक से बढ़कर एक गीत- ग़ज़ल, हास्य-व्यंग्य की रचनाओं से काव्यगोष्ठी को बहुत उत्कृष्टता प्रदान की। अध्यक्षता कर रहे विक्रम सिंह गोहिल ने कहा कि इस तरह की काव्य गोष्ठियाँ होती रहना चाहिए , इससे नए कलमकारों को अपने वरिष्ठ कवियों व गीतकारों से बहुत सीखने को मिलता है। कार्यक्रम का संचालन संस्था के सचिव युवा शायर जय प्रकाश जय ने किया, आभार संस्था अध्यक्ष सुरेन्द्र हमसफ़र ने किया। जलपान व चाय के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।

काव्य गोष्ठियों के आयोजनों से नए कलमकारों को वरिष्ठ कवियों से सीखने को मिलता है : गोहिल

कैला देवी मंदिर में प्रारंभ हुई चैत्र नवरात्रि महोत्सव की भव्य तैयारी

देवास। मिश्रीलाल नगर में स्थापित मां केला देवी के शक्तिपीठ मंदिर में प्रति वर्ष अनुसार चैत्र नवरात्रि महोत्सव की तैयारी पर प्रारंभ हुई । मंदिर के संस्थापक सेठ मन्नूलाल गर्ग के बताया कि प्रति वर्षानुसार चैत्र नवरात्रि पर मां कैला देवी के दर्शन के लिए भारतवर्ष से लाखों मां के भक्तों का आगमन होता है। कैला देवी मंदिर उत्सव समिति द्वारा 9 दिनों का नवरात्रि महोत्सव मनाया जाता है। उसी तारतम्य में इस वर्ष 19 मार्च को वर्ष प्रतिपदा के दिन प्रात: काल में हिंदू नव वर्ष का स्वागत उत्सव समिति द्वारा मनाया जाएगा।पश्चात कैला देवी मंदिर में घट स्थापना के साथ नवरात्रि अनुष्ठान प्रारंभ होगा जिसमें पंडित नरेंद्र तिवारी के आचार्यत्व में 9 दिनों तक श्रीमद भागवत हावनादिक यज्ञ प्रतिदिन रहेगा । 20 मार्च से 26 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से वृंदावन-हरिद्वार के आध्यात्मिक संत महामंडलेश्वर श्री भास्करानंद जी द्वारा होने वाली सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन मंदिर परिसर में होगा जिसकी भव्य तैयारी प्रारंभ हो चुकी है। भागवत प्रेमी श्रोताओं के लिए पृथक पृथक बैठक व्यवस्था की गई है । मध्यप्रदेश का गौरव शक्ति पीठ मां कैला देवी के आध्यात्मिक मंदिर परिसर में हनुमान जी की भव्य प्रतिमा का भक्तों को नव रूप में दर्शन प्राप्त होगा । केला देवी मंदिर उत्सव समिति के संयोजक , भाजपा के जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, समिति अध्यक्ष महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, आयोजन संयोजनकर्ता दीपक गर्ग, अनामिका गर्ग योगेश बंसल ,हरीश बंसल, समिति पदाधिकारी पूर्व महापौर रेखा वर्मा,भाजपा जिला महामंत्री राजेश यादव, डॉ डी पी श्रीवास्तव, राष्ट्रीय कवि देवकृष्ण व्यास , रमन शर्मा, राजेश खत्री, जयपाल सिंह चावड़ा, अजब सिंह ठाकुर, ओपी तापड़िया, मनोज मूंदड़ा, गणेश लाल सिंघल, अंकेश सिंघल, अमित अग्रवाल, अक्षय गोयल, जयेश गर्ग, हर्ष गर्ग, वीणा महाजन मोहन श्रीवास्तव सहित समिति ने सभी धर्म प्रेमी भक्त जनों से सपरिवार पधार कर आयोजन को सफल बनाने की अपील की । उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी चेतन उपाध्याय ने दी।

संवेदनशीलता एव जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

कन्नौद। मप्र शासन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अन्तर्गत माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिये अनुभाग कन्नौद अन्तर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कन्नौद के द्वारा संवेदनशीलता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत कन्नौद सभा गृह में किया गया ।

कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश कन्नौद अमित निगम द्वारा माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिको हेतु उपलब्ध कानूनी प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कन्नौद कन्हैयालाल तिलवारी द्वारा माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण अधिनियम 2007 के प्रावधानों से अवगत कराया द्य ब्लॉक मेडिकल आफिसर कन्नौद डॉ. लोकेश मीणा द्वारा वरिष्ठ नागरिको हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाऐं एवं स्वास्थ परीक्षण शिविर के बारे में बताया वरिष्ठ नागरिक संस्था खातेगांव के अध्यक्ष श्री जे.पी.एस. तोमर ने संस्था द्वारा संचालित परमार्थिक कार्यो की जानकारी दी गई एवं अनुभाग कन्नौद में वरिष्ठ नागरिक सलाहकार समिति का गठन कर नियमित बैठक आयोजित करने का आग्रह किया गया ।

आरोपी संजय पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत की कार्रवाई

देवास। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋ तुराज सिंह ने उदयनगर क्षेत्र में अवैध फटाके फैक्ट्री का संचालन करने वाले आरोपी संजय पिता विनोद शर्मा निवासी इन्दौर के विरूद्ध लोक व्यवस्था के अनुरक्षण के प्रतिकूल किसी भी रीति से कार्य करने से रोकने के अभिप्राय से राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। कलेक्टर श्री सिंह ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 की धारा 3 की उप धारा (2) में प्रदत्त शक्तियों अन्तर्गत आरोपी संजय विरुद्ध निरुद्ध आदेश जारी किया है। आरोपी को तीन माह तक की अवधि के लिए निरुद्ध कर केन्द्रीय जेल भैरूगढ़ उज्जैन में रखा जाएगा। कार्यवाही पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। जिसमें उल्लेख है कि संजय पिता विनोद शर्मा निवासी इन्दौर द्वारा थाना उदयनगर क्षेत्र में बड़ी मात्रा में अवैध फटाके फैक्ट्री को अवैध रुप से संचालित की जा रही थी, आरोपी के विरूद्ध थाना उदयनगर में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी द्वारा ग्राम पोलाखाल, थाना उदयनगर के आस-पास के ग्रामीणजन, मजदूर वर्ग एवं आदिवासी वर्ग के लोगों को साधारण से मानदेय 400 से 500 रूपये प्रतिदिन का लालच देकर उन्हें उक्त विस्फोटक सामग्री तैयार करने हेतु अपने यहाँ बिना किसी सुरक्षा एवं प्रशिक्षण दिये मजदूरी करवाई जा रही थी।

एक नजर में | **जल बचाने के व्यावहारिक उपाय के बारे में जानकारी दी**

कन्या महाविद्यालय में जल संरक्षण के महत्व पर व्याख्यान एवं रैली का आयोजन

देवास। महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार जल संरक्षण एवं जल स्त्रोतों के संवर्धन के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत प्राचार्य डॉ जी डी सोनी के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम जल संरक्षण के महत्व पर व्याख्यान, निबंध, भाषण एवं स्लोगन प्रतियोगिता तथा रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा जल स्त्रोतों की सुरक्षा के लिए प्रेरित करना था। डॉ वर्षा जायसवाल ने अपने व्याख्यान में जल संरक्षण के महत्व तथा छात्रों को अपने दैनिक जीवन में जल की बचत करने के लिए प्रेरित किया। प्रो प्रमोद परिहार ने छात्राओं को जल के महत्व एवं जल संकट की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया तथा डॉ क्रांतदर्शी सिंदल ने जल बचाने के व्यावहारिक उपाय के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंतर्गत 11 मार्च को आयोजित निबंध प्रतियोगिता में एमएससी द्वितीय सेमेस्टर की अलीशा खान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा

द्वितीय स्थान पर महकद्वीप निरनिया रही। पोस्टर प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ममता चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा द्वितीय स्थान पर एमएससी द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा कशिश अंसारी रही। इसी कड़ी में 12 मार्च को प्रो अंकित सक्सेना द्वारा छात्राओं को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा परिसर में स्वच्छता एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरुक करते हुए रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा समाज में जल संरक्षण का संदेश प्रसारित करना था।